संख्या-57/2017/2593 ई-2/तेरह-2017-165/2017

प्रेषक

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गाजियाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ:: दिनांक 26 अक्टूबर,2017

विषय:-श्री सौरभ गोयल पुत्र श्री लोकेश चन्द्र, नि0-201, अर्थ कोर्ट-द्वितीयजे0पी0 ग्रीन्स ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर एवं श्री मनीष जिन्दल पुत्र श्री नरेश चन्द नि0 बी-173, योजना विहार, दिल्ली (संयुक्त पार्टनर) मेसर्स जे0जी0 इन्टरनेशनल रजि0 पता-259, ओल्ड अनाजमण्डी, न्यादरगंज दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर द्वारा संचालित होटल एसैन्ट बिज (ए यूनिट ऑफ जे0जी0 इन्टरनेशनल) खसरा नं0-127, नोएडा खोडा रोड, खोडा, गाजियाबाद को एफ0एल0-6(समिश्र) बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन को सम्बोधित अपने पत्र संख्या-134/3/आ0लि0/एफ0एल0-6 समिश्र/बार अनु0, दिनांक 16 सितम्बर,2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में जिला बार समिति की बैठक दि0 15-9-2017 में की गई संस्तुति एवं इसी संदर्भ में आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी-241/दस-लाइसेंस-63/(खण्ड-7)/2016-17/एफ0एल06-7/गाजियाबाद, दिनांक 16 अक्टूबर,2017 में की गई संस्तुति व अन्य सुसंगत अभिलेखों पर सम्यक् विचारोपरान्त वर्ष 2017-18 के लिये मेसर्स जे0जी0 इन्टरनेशनल रजि0 पता-259, ओल्ड अनाजमण्डी, न्यादरगंज दादरी जिला-गौतमबुद्धनगर द्वारा संचालित होटल एसैन्ट बिज (ए यूनिट ऑफ जे0जी0 इन्टरनेशनल) खसरा नं0-127, नोएडा खोडा रोड, खोडा, गाजियाबाद को एफ0एल0-6(समिश्र) बार अनुज्ञापन स्वीकृत करने पर राज्य सरकार की अनुमति इस प्रतिबंध के साथ प्रदान की जाती है कि अनुज्ञापी द्वारा एफ0एल0-6(समिश्र) बार अनुज्ञापन के सम्बन्ध में समस्त सुसंगत शासनादेशों/नियमावलियों में विहित शर्तो एवं व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

कृपया नियमानुसार आगामी कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-57/2017/2593(1) ई-2/तेरह-2017, तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या- जी-241/दस-लाइसेंस-63/(खण्ड-7)/2016-17/एफ0एल06-7/गाजियाबाद, दिनांक 16 अक्टूबर,2017 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)

अनु सचिव।

h tp://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।